राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक में इसी सत्र से एम एस सी रसायन एवं बॉटनी के दाखिले के फार्म भरे जा सकेंगे।

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक में इसी सत्र से एम एस सी रसायन एवं बॉटनी के दाखिले के फार्म भरे जा सकेंगे। इससे पहले भी महाविद्यालय में कई विषयों में पी जी कोर्स जारी है। दोनों विषयों में उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा 40 - 40 सीटें आवंटित की गई है महाविद्यालय की छात्राएं इससे लाभान्वित होंगी। छात्राओं की मांग पर माननीय प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह द्वारा उक्त दोनों कोर्सेज महाविद्यालय में शुरू करने की डिमांड की गई थी। महाविद्यालय प्राचार्य ने आसपास की छात्राओं को दोनों विषयों में दाखिले के लिए आहवान किया है।